पंचतंत्र की कहानी से बच्चों को दी समझदारी की सीख

Event @Tsvs

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) में प्रांगण स्टूडेंट्स की ओर से ड्रामा प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। प्रांगण हॉल में ग्रेड 2 स्टूडेंट्स की ओर से आयोजित ड्रामा प्रेजेंटेशन में बच्चों ने पंचतंत्र की कहानी 'चतुर आंट' को मंच पर पेश किया। इस कहानी के माध्यम से टीचर इंचार्ज अभिषेक गर्ग ने बच्चों को बताया कि कैसे सभी को अपने से बड़े लोगों की बात पूरे ध्यान से सुनना चाहिए। बड़े लोगों को बिना सुने हर वक्त मस्ती करते रहना कभी किसी के लिए बड़ी प्रॉब्लम भी बन सकता है। पूरी परफॉर्मेन्स को प्रांगण स्टूडेंट्स ने एंजॉय किया।